फैशन शो

## 30 महिला मॉडल्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया

# रैम्प पर छाया ग्लैमर का जलवा, कैटवॉक ने लगाया शो में तड़का





**जबलपुर, नवभारत।** शहर के बग्गा इन होटल में रविवार को ग्लैमर का तड़का लगा। अवसर था ओमप्रकाश होतवानी की टीम द्वारा आयोजित फैशन प्रोग्राम का जिसमे 30 महिला मॉडल्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इतना ही नहीं कार्यक्रम में मेकअप आर्टिस्ट्स और बच्चे भी भारी उत्साह के साथ शामिल हुए थे। जिसके बाद फैशन शो में मौजूद 30 मॉडल्स ने रैंप पर कैटवॉक किया। वही कार्यक्रम की थीम पारंपरिक और पश्चिमी संस्कृति पर आधारित थी। एक दिवसीय इस आयोजन में फैशन, संगीत और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन संयोजक द्वारा किया गया। वही शो स्टॉपर रही दिव्या ने नवभारत को बताया कि ऐसे आयोजन से वोकल फॉर लोकल के विजन को बढ़ावा मिलता है।

### डीजे की धुन पर थिरके नटखट


फैशन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे मुन्नों की कैटवॉक थी। जिसमें उन्होंने डीजे की धुन पर खूब ताल से ताल मिलाए थे। किड्स रैम्प वॉक में अवनि पटेल ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं ब्राइडल ड्रेसअप में खुशी गुप्ता को विजेता घोषित किया गया। इसके अलावा श्रीराम ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किए गए डांस ने कार्यक्रम में अलग ही ऊर्जा भर दी थी। फैशन, डांस और आत्मविश्वास से भरे इस आयोजन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था।

### इनका कहना है



मै मॉडलिंग करती हु और आज मै बहुत खुश हु मैं पहेली बार जीती हु और मैं ओमप्रकाश सर को धन्यवाद करती हु उन्होंने मेरा बहुत हौसला बढ़ाया।

**अवनी पटेल**



इस शो की टीम मेंबर हु मैने ओमप्रकाश सर के साथ 20 से भी अधिक शो किए है और उनके सारे शो हमेशा सफल हुए है।

**सरिता**



मै मॉडलिंग करती हु और मैने आज ब्राइडल रनवे किया जिसमें मुझे पहला विजेता घोषित किया गया मुझे ये शो में बहुत मजा आया

**खुशी गुप्ता**



जबलपुर में मैने 20 से भी अधिक शो ऑर्गनाइज करवाया है और मेरा हर 1 शो सफल रहा है मेरी टीम की मदद से मैं अपनी टीम को बहुत बहुत धन्यवाद करता हु जिन्होंने मेरा हमेशा साथ दिया है।

**ओमप्रकाश होतवानी**

## युवक ने खाया जहर, मौत

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत पुरवा निवासी एक युवक की जहर का सेवन करने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार को मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि रवि केवट 28 वर्ष निवासी गढ़ा पुरवा द्वारा शुक्रवार रात्रि लगभग 9-30 बजे अज्ञात जहर का सेवन करने से उपचार के लिए पत्नी प्रतिक्षा एवं भाई पुरूषोत्तम केवट द्वारा भर्ती कराया गया था दौरान उपचार रात लगभग 11-10 बजे रवि केवट की मौत हो गई।

## नाले में मिली युवक की लाश

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत आईडियल हिल्स कॉलोनी के पास नाले में एक युवक की लाश पड़ी मिली। मौत कैसे और किन परिस्थितियों मेंहुई इसका पता नहीं चल सका है। मामले की सूचना प्रतीक रावत 32 वर्ष निवासी बादशाह हलवाई मंदिर के पास ग्वारीघाट ने सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है।

# भक्ति के सागर में डूबा बाबाताल



**सिहोर, नवभारत।** बाबाताल स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में चल रही कथा के चतुर्थ दिवस पर व्यास गद्दी पर विराजमान पंडित इंद्रमणि त्रिपाठी ने देवी भागवत के गूढ़ प्रसंगों की व्याख्या की। उन्होंने श्रोताओं को भक्ति महिमा भूमण्डल और ब्रह्मांड में स्थित विभिन्न लोकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार देवी की शक्ति संपूर्ण सृष्टि के कण-कण में व्याप्त है और विभिन्न लोकों की व्यवस्था मां भगवती की इच्छा मात्र से संचालित होती है।

### मां की भक्ति ही दुखों से मुक्ति का सबसे सरल मार्ग

पंडित त्रिपाठी ने कहा कि कलयुग में मां की भक्ति ही दुखों से मुक्ति का सबसे सरल मार्ग है। उन्होंने बताया कि निस्वार्थ भाव से की गई भक्ति न केवल मानसिक शांति प्रदान करती है, बल्कि साधक को जन्म-मरण के चक्र से मुक्त कर मोक्ष की ओर ले जाती है। कथा के दौरान दिव्य लोकों के वर्णन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा श्रवण के लिए न केवल स्थानीय बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आरती के समय पूरा परिसर 'जय माता दी' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कथा के समापन पर आरती की गई और उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## इंद्रपुरी गोस्वामी महानगर मंत्री मनोनीत



**जबलपुर।** भारत रक्षा मंच द्वारा राष्ट्रीय मंत्री व मध्य क्षेत्र संगठन प्रमुख डॉ. एच. पी. तिवारी की सहमति से प्रसिद्ध शिक्षाविद् व हिंदूवादी कार्यकर्ता इंद्रपुरी गोस्वामी को जबलपुर महानगर का मंत्री मनोनीत किया गया है। श्री गोस्वामी के इस मनोनयन पर महाकौशल प्रांत सह संगठन मंत्री जीवेश पांडे, महानगर अध्यक्ष मेजर दिलीप अवस्थी, महानगर महामंत्री सूबेदार नरेंद्र मिश्रा, महानगर संगठन मंत्री इंजी. अभय खरे, के. के. शुक्ला, रामशंकर शुक्ला, आशुतोष तिवारी, संतोष दुबे, सुनील जैन, एम. एल. शर्मा, आशीष शुक्ला, सुमन शर्मा व विनीता पगारे आदि ने बधाई दी है।

# गोसलपुर में चाय-पान की दुकानें बनी शराबियों का अड्डा

स्थानीय निवासियों ने सौपा पुलिस को पत्र



**सिहोरा, नवभारत।** जहां एक ओर कुछ माह पहले मध्य प्रदेश की पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया, वही इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरकार के द्वारा अथक प्रयास किए जा रहे हैं परंतु ठीक इसके विपरीत पुलिस थाना गोसलपुर से चंद कदमों की दूरी पर स्थित शंकर कॉलोनी में तालाब की मेढ पर संचालित चाय पान के टपरो में जमकर शराबखोरी हो रही है । स्थानीय निवासियों द्वारा उक्त समस्या को लेकर थाना प्रभारी गोसलपुर को सौंपा गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित थे। स्थानीय लोगों का कहना है की सूचना देने के बाद गोसलपुर पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही आपको बता दें कि यहां पर लगभग आधा दर्जन चाय पान की दुकान संचालित है ,चाय पान की इन दुकानों की आड़ मे शाम ढलते ही टपरों के पीछे जमकर शराबखोरी का खेल चल रहा है। शाम के बाद ये दुकानें मयखाने में तब्दील हो जाती है जहां शराबी छककर जाम से जाम टकराते हैं ,इन चाय पान की दुकानों के पीछे बड़ी मात्रा में दारू की खाली बोतल पानी पाउच खाली डिस्पोजल पड़े रहते हैं और पुलिस स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस झांकने नहीं आती, जिससे अनेक क्षेत्रों के शराबी सुरक्षित स्थान समझकर इन टपरो में बैठकर खुलेआम शराबखोरी करते हैं । अनेकों बार इस संबंध में पुलिस प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु शराबियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई न करने के कारण शंकर कॉलोनी मे जमकर शराबखोरी हो रही है शराबी लड़ाई झगड़ा गंदी गंदी गालियां व सभ्य समाज को शर्मसार कर देने वाली अश्लील हरकतें करते हैं जिससे स्थानीय रह वासियों के साथ सड़क से निकलने वाले सभ्य समाज के लोग छात्र-छात्राएं महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, स्थानीय निवासियों द्वारा उक्त समस्या को लेकर थाना प्रभारी गोसलपुर को सौंपा गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित थे।



# कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया

**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर केंट विधानसभा के रांझी खमरिया ब्लॉक में पार्टी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कई लोगों ने विचार रखे ,इसके साथ ही निष्ठावान नेता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव समाज सेवी सुधीर सोनू दुबे (वरिष्ठ श्रमिक नेता) नेम सिंह ठाकुर (पूर्व प्रदेश महासचिव) रामदास यादव (पूर्व नगर महामंत्री) रमेश बोहित (पूर्व प्रदेश सचिव) (पूर्व नगर उपाध्यक्ष) अशोक बर्मन (पूर्व महामंत्री) लक्ष्मण समुंद्रे (चंद्रशेखर मंडल अध्यक्ष) अनिल सोनकर (वरिष्ठ कांग्रेस नेता) रवि राय (चंद्रशेखर प्रभारी) राजेश श्रीवास (सेवादल पूर्व नेता) दहिया जी (वरिष्ठ समाजसेवी) इंद्रजीत दुआ (युवा कांग्रेस पूर्व सचिव) शिवा यादव (पूर्व युवा कांग्रेस महामंत्री) ओम प्रकाश यादव आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# नेशनल कैंप का समापन,39 खिलाड़ी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में करेंगे एमपी का प्रतिनिधित्व



**जबलपुर, नवभारत।** मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के संस्थापक राजकुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलों ताइक्वांडो यूथ स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा बिलासपुर छत्तीसगढ़ में 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक 3हस्र ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के प्रशिक्षक झामसिंह तेकाम को मध्यप्रदेश टीम दल कोच, एडवोकेट जयराज चौधरी को रेफरी नियुक्त किया गया है । एकेडमी के 39 खिलाड़ी मध्यप्रदेश टीम दल का प्रतिनिधित्व करेंगे जिस हेतु रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी महानद्दा मदन महल जबलपुर में एक दिवसीय नेशनल कैंप का आयोजन किया गया था जिसके समापन अवसर पर अतिथि के रूप में दिव्या बाजपेई निर्देशिका आदित्य कांवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर, एडवोकेट सपना सिंह परिहार सचिव स्वामी प्रज्ञानंद शिक्षा महाविद्यालय कटंगी जबलपुर, उत्कर्ष गुप्ता संचालक रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी जबलपुर, विभूम बाजपेई ,वैभव जोशुवा अध्यक्ष मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला उपस्थित रहे ।

### खिलाड़ियों ने हुनर का अलौकिक प्रदर्शन

मंचासीन अतिथियों का स्वागत एकेडमी के संस्थापक राजकुमार यादव, प्रशिक्षक जयराज चौधरी,झामसिंह तेकाम , अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मानवराज यादव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। नेशनल कैंप के समापन अवसर पर खिलाड़ियों ने हुनर का अलौकिक प्रदर्शन कर अतिथियों का मनमोहा । नेशनल कैंप के समापन अवसर पर मंचासीन अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ताइक्वांडो जैसे मार्शल आर्ट खेल न केवल शारीरिक दक्षता और आत्मरक्षा का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। अतिथियों ने मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी द्वारा निरंतर प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की और कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद एकेडमी जिस लगन और समर्पण से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रही है, वह प्रशंसनीय है।

### खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी

अतिथियों ने 3हस्र ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करने जा रहे 39 खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश और एकेडमी का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने अभिभावकों और प्रशिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही खिलाड़ी उच्च स्तर तक पहुंच पाते हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने खिलाड़ियों को अनुशासन, खेल भावना और निरंतर अभ्यास को सफलता की कुंजी बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर एकेडमी के द्वारा खिलाड़ियों को खेल किट मध्यप्रदेश टीम दल ट्रेक सूट एवं ताइक्वांडो ड्रेस प्रदान की गई ।

### खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है

खुशी यादव ,रेशु सिंह मसराम मान्या महावर, एडरिन वॉर्नर,शौर्य विरहा ,शौर्य विक्रम वीर,अन्विका बोरासी,अंशिका बोरासी,गौरव कश्यप,मानवराज यादव,मानवी यादव,राज चक्रवर्ती, इशान दुबे,सतेन्द्र बरकडे,कार्तिक बर्मन,रमन मेहरा , दीपा रघुवंशी,राधे पटेल,कामाक्षा पटेल, नव्या रघुवंशी,अदिति गिरी,आर्यवधन सिंह परिहार,शिवानी बेन,अंशिता रॉय,अमिष्का रॉय,सावन बैरागी,ललिता पूषाम,मानषी मरकाम,सरला सरोते, कशिश वरकड़े,यसमीन सैयाम, सकुनतला ठाकुर,अम्बिका मार्को,प्रियंका मरावी,अजीत वरकड़े,निर्मिला कुलस्ते।

## नये साल की पार्टी करने रूपए नहीं दिए तो पीटा

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला में नए साल की पार्टी करने रूपए नहीं दिए तो बदमाशों ने दुकान संचालक की पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक विशाल प्रजापति 23 वर्ष निवासी भरत कालोनी चौधरी मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एमपी आनलाईन की दुकान चलाता है। बीती रात करीब 11-30 बजे अपनी दुकान बंद करके अपने घर जा रहा था चौधरी मोहल्ला में मोहल्ले का संदीप अहिरवार अपने साथी आकाश ठाकुर के साथ मिला दोनों उससे नये साल की पार्टी मनाने के लिये 800 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया, इसी बात पर दोनों उसके साथ गाली गलौज करते हुये धक्का मुक्की किये। मोहल्ले के अन्य लोगों को आते देख दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।



# छोटा हाथी से ढुल रही शराब पकड़ाई एक तस्कर भागा, दूसरा गिरफ्तार

**जबलपुर, नवभारत।** अधारताल पुलिस ने खजरी खिरिया वायपास तिराहा में दबिश देकर छोटा हाथी वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 148 पेटी शराब के साथ एक तस्कर को रंगे हाथ पकड़ा है। जबकि चालक चकमा देकर भाग गया। टीआई प्रवीण कुमार कुमरे ने बताया कि छोटा हाथी वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 4787 को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, वाहन चालक हाईवे रोड़ से खजरी खिरिया सर्विस रोड़ में वाहन को तेजी भगाने लगा, जिसे घेराबंदी कर रोका गया, अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन का चालक भाग गया, चालक के बाजू वाली सीट में बैठे निखिल यादव पिता सत्यदेव यादव 21 वर्ष निवासी करमेता थाना माढ़ोताल को पकड़ा गया। वाहन बंधी त्रिपाल खोलकर देखने पर 148 पेटी (कार्टून) रखीं मिलीं मिली, कुल 7 हजार 400 पाव (1332 लीटर) कुल कीमती लगभग 7 लाख 40 हजार रूपये की होना पाई गई। आरोपी वाहन चालक कृष्णा की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।



# क्रेता, विक्रेताओं में जैविक उत्पाद को लेकर बढ़ रहा रुझान

**नवभारत, जबलपुर।** कृषि उपज मंडी जबलपुर में प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले जैविक हाट का भ्रमण जिले के वरिष्ठ कृषक प्रतिनिधियों एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के.के. अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद मरवाहा, संयुक्त संचालक कृषि एस. नेताम, सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी, किसान सेवा सेना के अध्यक्ष व जैविक खेती के स्टार प्रचारक जितेन्द्र देसी, जैविक कृषि सलाहकार रजनीश दुबे सहित जिले के अग्रणी जैविक कृषक विनय सिंह ठाकुर, राहुल खत्री, महिला कृषक पूजा पटेल, शीला कुशवाहा, तथा कृषक समय सिंह और कैलाश यादव उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान जैविक उत्पादों के खेतों का निरीक्षण, प्रमाणीकरण, प्रयोगशालाओं में परीक्षण तथा विक्रेताओं के पंजीयन को अनिवार्य किए जाने का सुझाव दिया गया। साथ ही हाट स्थल पर पीने के पानी, स्टालों के लिए कुर्सी-टेबल, बैनर और व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था पर जोर दिया गया। जैविक हाट में हरी सब्जियां, मटर, गुड़, ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी दलिया, तेल, बिस्कुट, लड्डू, चॉकलेट सहित विभिन्न जैविक व प्रसंस्कृत उत्पाद उपभोक्ताओं को विशेष रूप से आकर्षित करते नजर आए।

# विकासखंड समन्वयक तृप्ति मिश्रा हुई सेवानिवृत

सम्मान समारोह आयोजित कर दी भावभीनी विदाई

**नवभारत, मझौली।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) अंतर्गत विकासखंड मझौली की समन्वयक तृप्ति मिश्रा के सेवानिवृत्ति अवसर पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गुरजी, सेक्टर क्रमांक-1 पोड़ा के हनुमान मंदिर पचपेड़ी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला अकाउंटेंट संजीव तिवारी, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि, परामर्शदाता, समिति सदस्य, सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने तृप्ति मिश्रा के जनसेवा, सामाजिक समन्वय और विकास कार्यों में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।





# पनागर तहसील की समस्याओं को लेकर अधिवक्ता फोरम सौंपेगा ज्ञापन

**नवभारत, पनागर।** अधिवक्ता फोरम पनागर की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पनागर तहसील में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर शीघ्र ही कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह ज्ञापन हाई कोर्ट बार एसोसिएशन एवं जिला बार एसोसिएशन के मार्गदर्शन में दिया जाएगा। बैठक में अधिवक्ताओं ने तहसील स्तर पर आम जनता और अधिवक्ताओं को हो रही परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। फोरम ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो आगे और कठोर कदम उठाने पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में अधिवक्ता फोरम के अध्यक्ष सुरेंद्र सेन, सचिव के.के. कुशवाहा सहित सतीश साहू, मनोज केसरवानी, शैलेश तिवारी, जे.पी. गुप्ता, समीर ताम्रकार, राकेश पांडे, राममिलन प्रजापति, गोविंद व्यास, नारायण चौधरी, नीरज द्विवेदी, मधुसूदन पटेल सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि न्यायिक प्रक्रिया की सुचारुता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए तहसील में व्याप्त अव्यवस्थाओं का शीघ्र समाधान आवश्यक है।